रोवर्स- रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

दिनांक 15 /12 /2023 को जनता कॉलेज बकेवर मे रोवर्स- रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन समारोह में महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य डॉ.राजेश किशोर त्रिपाठी के द्वारा रोवर्स और रेंजर्स की प्रताप टोली, गुलाब टोली , कमल टोली ,जेसीबी टोली द्वारा लगाए गए टेंट का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान टीम के लीडर ने आए हुए आगंतुक महानुभावों अपनी टोली के विषय में जानकारी तथा भोजन पका कर दिखाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद इटावा से आए प्रशिक्षक श्री अच्युत त्रिपाठी एवं श्रीमती स्वीटी मथुरिया ने छात्र-छात्राओं को रोवर्स-रेंजर्स को अगले सोपान के बारे में जानकारी दी। श्री अच्युत त्रिपाठी ने बताया कि स्काउटिंग समाज की सेवा तथा विषम परिस्थितियों में जीवन जीने की कला सिखाता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ज्योति भदोरिया, डॉ नवीन अवस्थी,श्रीमती मीनू त्रिपाठी,डॉ ए के पांडे , डॉ. एमपी सिंह डॉ. एमपी यादव ,डॉ. डीएन सिंह डॉ. आदित्य कुमार , डॉ. धर्मेंद्र कुमार,डॉ. ललित गुप्ता डॉ अभिषेक प्रताप सिंह ,डॉ. आनंद सिंह डॉ संतोष कुमार सिंह चंदेल, श्रीब्रह्मानंद उपस्थित रहे।

शिविर

जनता कॉलेज में शुरू हुआ तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण

चिकित्सा, गांठ व टेंट लगाने के सीखे गुर

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में रोवर्स-रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ.राजेश किशोर त्रिपाठी ने स्काउट ध्वज का ध्वजारोहण कर किया। फिर स्काउट गाइडों को चिकित्सा, बंधन, गांठ, टेंट लगाने के गुर सिखाए गए।

रोवर्स रेंजर टीम को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक । संवाद

स्काउट गाइडों ने स्काउट प्रार्थना और स्वागत गीत गाया। स्काउट टोली के प्रभारी छात्र अर्जुन शर्मा ने ध्वज को सलामी दी। प्रशिक्षक स्काउट अच्युत त्रिपाठी एवं गाइड शिक्षक स्वीटी मथुरिया ने छात्र-छात्राओं को रोवर्स-रेंजर्स की प्रथम चरण के प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की। स्वीटी मथुरिया ने स्काउटिंग के इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा बाया हाथ मिलाना, सेवाकर स्काउट चिह्न के बारे में बताया।

कार्यक्रम में 24 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इसके साथ ही प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न प्रकार की गांठें, बंधन, टेंट पिचिंग, संकेत, अनुमान लगाना, सीपीआर, कलर पार्टी, मार्च पास्ट, ध्वज शिष्टाचार गैजेट्स के विषय में जानकारी दी । कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ज्योति भदौरिया ने आभार जताया। कृषि के डीन डॉ. एके पांडेय, डॉ. डीजे मिश्रा, डॉ. इंदुबाला मिश्रा, डॉ. नवीन अवस्थी, मीनू त्रिपाठी, एनसीसी लेफ्टीनेंट ब्रह्मानंद मौजूद रहे।

कंपू मेल
दैनिक

रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

कंपूमेल ब्यूरो

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर मे रोवर्स- रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कालेज प्राचार्य डॉ.राजेश किशोर त्रिपाठी ने स्काउट ध्वज के ध्वजारोहण कर किया। तत्पश्चात स्काउट गाइडों ने स्काउट प्रार्थना और स्वागत गीत गाया। स्काउट टोली के प्रभारी छात्र अर्जुन शर्मा ने ध्वज सलामी दी। पहले दिन प्रशिक्षणार्थियों को कई चीजें बतायी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद इटावा से आए प्रशिक्षक स्काउट अच्युत त्रिपाठी एवं गाइड शिक्षक स्वीटी मथुरिया ने छात्र-छात्राओं को रोवर्स-रेंजर्स की प्रथम चरण के प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न जानकारियां

प्रदान की। स्वीटी मथुरिया ने स्काउटिंग के इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा बाया हाथ मिलाना सेवा कर स्काउट चिन्ह बारे में बताया।

स्काउट प्रशिक्षक अच्युत त्रिपाठी ने बताया कि स्काउटिंग हमें समाज की सेवा तथा विषम परिस्थितियों में जीवन जीने की कला सिखाता है । रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षण में रोवर्स तथा रेंजर्स के दो दलों का निर्माण किया गया। जिसमें 24 -24 प्रतिभागियों ने प्रतिभा कियाद्य कार्यक्रम प्रभारी डॉ ज्योति भदोरिया, ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान कृषि के डीन डॉ ए के पांडेय, डॉ डीजे मिश्रा, डॉ इंदुबाला मिश्रा, डॉ नवीन अवस्थी, मीनू त्रिपाठी,डॉ ए के एनसीसी लेफ्टीनेंट ब्रह्मानंद उपस्थित रहे।

शिविर में मौजूद प्राचार्य राजेश किशोर त्रिपाठी (दाएं से दूसरे) व छात्राएं • स्वयं

'स्काउटिंग हमें समाज की सेवा करना सिखाता है'

संसू, निवाड़ी कलां : जनता कालेज बकेवर में बुधवार को रोवर्स-रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने स्काउट ध्वज के ध्वजारोहण के साथ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद से आए प्रशिक्षक अच्युत त्रिपाठी एवं महिला प्रशिक्षक स्वीटी मथुरिया ने छात्रों को रोवर्स-रेंजर्स की प्रथम चरण के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की।

स्वीटी मथुरिया ने स्काउटिंग के इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, बाया हाथ मिलाना, सेवा कार्य, स्काउट चिन के बारे में विस्तृत रूप जानकारी दी। उन्होंने बताया वि स्काउटिंग हमें समाज की सेव तथा विषम परिस्थितियों में जीव जीने की कला सिखाता है। रोवर रेंजर्स के प्रशिक्षण में रोवर्स तथ रेंजर्स के दो दलों का निर्माण किय गया। इसमें 24 -24 प्रतिभागियों प्रतिभाग किया। कार्यक्रम प्रभा डा.ज्योति भदौरिया, डा. नवी अवस्थी, मीनू त्रिपाठी, डा. ए पांडेय, डा. डीजे मिश्रा एवं ब्रह्मान उपस्थित रहे।